Brandeis | LIBRARY
brandeis.edu/j-caste

CASTE: A Global Journal on Social Exclusion
Vol. 2 No. 2 pp. 379–380
October-November 2021
ISSN 2639-4928

https://doi.org/10.26812/caste.v2i2.288

"प्रतिबिम्ब"

Gaurav J. Pathania[1]

पैनी दृष्टि से देखो
या आँखें फाड़कर
फिर भी आसमान में सिर्फ दो ही तरह के बादल दिखाई देते हैं
एक:
हाथी की तरह विशालकाय लेकिन टुकड़ों में बँटे
आसमान के कोने में दुबके हुए से, छितरे हुए से काले बादल
दूसरे:
शेर, बत्तख, चूहे, चिड़िया, गाए और बंदर जैसी आकृति वाले
रुई जैसे मुलायम, पूरे आसमान में फैले हुए सफ़ेद बादल !

.....पृथ्वी पर जब भी हाहाकार मचती है
तो सफ़ेद बादल हवा से घबराकर कहीं दूर भाग जातें हैं
पर एन मौके पर, हजारों टुकड़े मिलकर बने "काले बादल"
फुर्ती से भागते हुए, गरजते हुए, पानी से लबालब
खूब जमकर बरसते हैं
और प्यासी धरती को एक लम्बे समय के लिए तृप्त कर देते हैं।

. . . पर पृथ्वी पर रहने वालों को
न जाने क्यों
तृप्ति के बाद
आसमान में सिर्फ सफ़ेद बादल देखना ही अच्छा लगता है
और अनंत आसमान के कोने कोने में फिर से सफ़ेद बादल छा जाता है
काला बादल न जाने कहाँ छुपा दिया जाता है
जब मैं आसमान में उस काले बादल को खोजने की कोशिश करता हूँ
तो सफ़ेद बादलों की आँख-मिचोली में मुझे ख़ोट सा लगता है
फिर मुझे पूरा आसमान पृथ्वी का ही "प्रतिबिम्ब" सा लगता है।

-------- ---------- ---------- ---------- ---------- ----------

Below is the English translation:

[1]Center for Justice and Peacebuilding, Eastern Mennonite University, Harrisonburg, Virginia
E-mail: jogijnu@gmail.com

© 2021 Gaurav J. Pathania. This is an open access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution License, which permits unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original author(s) and source are credited.

"Reflection"

You may see
With piercing eyes
Or give a cursory look
That spread of sky
Holds two types of clouds
Ones are huge
Elephant-like, fragmented framed
In corners obscure
Others are small
Acquiring myriad shapes
Sparrows, rabbits, cows and ducks
Cottony-soft in sheety-space
When the earth cries and clamours
White clouds shake and shatter.

While the black ones
Drench the ground
With satiating showers
As the earth settles
After the quenched thirst
The white clouds gather
Their privileged feathers
The Black clouds hide
In their invisible hyde
Up they see and say
How beautiful the sky is laid
With cosmetic decoratives
No one sees those
Who dared to deliver
Who volunteered to do
How come they remain unappreciated
And their authentic acts go unnoticed?

Translation:
The poem was originally written in Hindi in 2003. The author is grateful to Dr. Meenu Bhaskar, and Dr. Kalyani K. (JNU) for the English translation.